# खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र 31 जनवरी तक करें 'गिव अप'

## नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी सरकार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह प्रत्येक उपखंड में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, उचित मूल्य दुकानदारों के माध्यम से इस प्रकार के व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए जयपुर ग्रामीण और शहर की सभी उचित मूल्य दुकानों पर नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध करवाये गये हैं।

- **अब तक जयपुर में 15 हजार से अधिक अपात्र लाभार्थियों ने सूची से नाम हटवाये**
- **जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने के आवेदन पत्र**

जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि आयकरदाता, सरकार कर्मचारी, अर्द्ध सरकारी कर्मचारी, स्वायतशासी संस्था में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय वाले व्यक्ति, ट्रेंक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन जो जोविकोपार्जन में प्रयोग आते है, को छोड़कर चौपहिया वाहन धारक व्यक्ति अथवा निष्कासन की श्रेणी में आने वाले अन्य व्यक्तियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

उन्होंने बताया कि कोई भी अपात्र व्यक्ति अपनी निकटतम उचित मूल्य दुकान से आवेदन पत्र प्राप्त कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा सकता है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी तक जयपुर शहर एवं ग्रामीण में 'गिव अप' अभियान में 15 हजार उपभोक्ताओं द्वारा अपने नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये गये हैं। सरकार अब ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जो खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में शामिल होने के बावजूद भी इस योजना का लाभ ले रहे हैं। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 31 जनवरी के पश्चात खाद्य सुरक्षा सूची में पाये जाने वाले कार्मिकों के विरुद्ध वसूली, शास्ति आरोपित की जावेगी। इस पेनल्टी की गणना 27 रुपये प्रति किलोग्राम के अनुसार खाद्य सुरक्षा सूची में नाम अंकित होने की तिथि से नाम हटाने की तिथि तक उस व्यक्ति द्वारा जितना खाद्यान्न प्राप्त किया गया है, के अनुसार की जाकर मय ब्याज वसूली की जायेगी।

# जयपुर पुलिस ने अलसुबह छापेमारी कर 200 हार्डकोर बदमाश दबोचे

## पुलिस ने इनमें से 130 आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया, शेष से पूछताछ जारी



जयपुर पुलिस ने शनिवार अल सुबह अभियान चलाकर 200 हार्डकोर और संदिग्ध बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी।

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने शनिवार अल सुबह अभियान चलाकर दक्षिण जिले के अलावा सभी थाना क्षेत्रों के लगभग 200 हार्डकोर और संदिग्ध बदमाशों को हिरासत लिया, अब इनसे पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि इस अभियान तहत सक्रिय अपराधियों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया एवं उनके खिलाफ विधि एवं न्याय अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि जिला पूर्व के सभी थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान में 170 बीएनएस में एनडीपीएस एक्ट, एमवी एक्ट, में लगभग 100 अपराधियों को गिरफ्तार किया। एक वाहन चोर का मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पश्चिम जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अल सुबह दबिश देकर 170 बीएनएस, एनडीपीएस एक्ट, 207 एमवी एक्ट में लगभग 30 अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डूडी डोगरा ने बताया कि उत्तर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया है। अभियान तहत सक्रिय अपराधियों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# राजस्थान पुलिस बैंड की मनमोहक धुनों पर बही राष्ट्रभक्ति की रसधार

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर हुआ विशेष कार्यक्रम का आयोजन



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर राजस्थान पुलिस की कई बटालियन के बैंडवादकों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पर राजस्थान पुलिस के बैंड, हाड़ी रानी महिला बटालियन पाइप पुलिस बैंड, तेरहवीं बटालियन बैंड, जयपुर पुलिस आयुक्तालय के बैंड तथा आरएसी की चौथी एवं पांचवी बटालियन के बैंडवादकों ने अपनी सामूहिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति की बयार बहाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

बैंड वादकों ने जय हो..., कदम-कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा, ये जिंदगी है कौम की तू कौम पर लुटाए जा.... जैसे देश भक्ति के नगमों की धुनों की आकर्षक प्रस्तुतियों से समां बांधते हुए माहौल में देश भक्ति का रस घोल दिया जिस को वहां उपस्थित लोगों ने जम कर सराहा। राजस्थान पुलिस के बैंड वादकों के इस दल ने आकर्षक गणवेश में अनुशासन और लयबद्धता के साथ प्रस्तुतियों की अमिट छाप छोड़ी।

- **'राजस्थान पुलिस की प्रतिभा का डंका देशभर में बजा'**

पुलिस महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने पाईप बैण्ड कंन्डक्टर पूनम सपेरा को नागालैण्ड में आयोजित 25वीं अखिल भारतीय पुलिस बैण्ड प्रतियोगिता 2024 में राजस्थान पुलिस महिला पाईप बैण्ड ने गोल्ड मैडल (प्रथम स्थान) एवं पाईप बैण्ड कंन्डक्टर में पाईप बैण्ड का बेस्ट कन्डक्टर चुने जाने एवं ऑल ओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी से नवाजा जाने पर उन्हें शुभकामनायें देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस महानिदेशक एससीआरबी, साईबर क्राईम एवं तकनीकी सेवायें हेमन्त प्रियदर्शी, सहित पुलिस मुख्यालय से एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बैंडवादक पुलिसकर्मियों की हौसला अफ़ज़ाई की। वहीं बैंडवादकों की प्रस्तुतियों ने आमजन और गणमान्य लोगों से भी खूब तालियां बटोरी।

# जयपुर में हितधारक और विषय विशेषज्ञ करेंगे बजट पूर्व संवाद

**जयपुर (कासं)।** जयपुर जिला कलेक्ट्रेट में 27 से 29 जनवरी तक संभाग स्तरीय बजट पूर्व परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ एवं हितधारक बजट पूर्व संवाद करेंगे एवं बजट को लेकर अपने सुझाव भी देंगे।


कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु संवाद और परिचर्चा की कार्य योजना के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनीता सिंह के निर्देशन में उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं कलेक्टर (मुद्रांक) डॉ. गोरधन लाल शर्मा को नोडल प्रभारी नामित किया गया है। इसके साथ दल में कोषाधिकारी जयपुर जय कौशिक, वरिष्ठ लेखाधिकारी आशीष नागर, मुख्य आयोजना अधिकारी रामेश्वर मीना तथा सहायक लेखाधिकारी प्रथम रामनिवास को शामिल किया गया है।

उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं कलेक्टर (मुद्रांक) डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि आगामी बजट को लेकर कार्यशाला में प्रतिदिन दो सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों पर चर्चा की जाएगी। सोमवार को प्रातः 11 बजे उद्घाटन सत्र में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के हितधारक, कर सलाहकार एवं व्यवसायी वहीं, दिन के दूसरे सत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद करेंगे।

- **संभाग स्तरीय बजट पूर्व हितधारक परामर्श कार्यशाला का होगा आयोजन**
- **27 से 29 जनवरी तक आयोजित होगा बजट पूर्व संवाद**

उन्होंने बताया कि मंगलवार 28 जनवरी को जनजातीय क्षेत्र विकास, किसान एवं पशुपालन क्षेत्र के हितधारक तो वहीं, बुधवार 29 जनवरी महिला प्रतिनिधि, मेघावी छात्र, युवा खिलाड़ी, गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद में अपनी राय रखेंगे।

# शुभम कुमार शर्मा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त हुए



**जयपुर।** ब्राह्मण समाज राजस्थान कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रदेशाध्यक्ष अम्बिका प्रकाश पाठक ने शुभम कुमार शर्मा को युवा प्रकाष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है।

# महिलाओं की अश्लील फोटो खींच रहे थे 3 बदमाश

**जयपुर।** उप जिला अस्पताल में तीन बदमाशों द्वारा महिलाओं के अश्लील फोटो खींचने का मामला सामने आया है। इस मामले में उप जिला अस्पताल प्रशासन ने चौमूं थाने में मामला दर्ज करवाया है।

- **उप जिला प्रशासन ने कराया आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

पुलिस के अनुसार कुसलपुरा सामोद निवासी गोकुल चंद मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह उप जिला अस्पताल चौमूं में सुरक्षा गार्ड है। यहां पर के एल सैनी और उसके दो साथी महिलाओं की फोटो खींच रहे थे। इस दौरान महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करवा रही थी इसके अलावा बदमाश महिलाओं के इंजेक्शन लगाते समय की तस्वीर उतार रहे थे। जब इस मामले में महिला नर्सिंग कर्मियों ने आरोपियों को ऐसा करने से टोका तो वे अभद्रता पर उतार आए और उनके साथ धक्का-मुक्की की।

## सार-समाचार

### बच्चों को गर्म कपड़े व कॉपियां बांटी



**जयपुर।** अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। पत्रकार कॉलोनी में गणपतपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे गए। राउंड टेबल इंडिया की ओर से बच्चों को कॉपियां वितरित की गई। अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को खाने के पैकेट भी दिए गए। स्वेटर, कॉपियां और फूड पैकेट पाकर बच्चे बेहद ख़ुश दिखे। स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर सोसायटी की सचिव डॉ कल्पना माथुर, सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला और डॉ अंटू सक्सेना सहित सोसायटी के सदस्य मौजूद थे। डॉ. रमा माथुर ने बताया कि सोसायटी समय-समय पर ऐसे जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करती रही है।

### गोविंद देवजी मंदिर में राष्ट्रीय उत्सव आज

**जयपुर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का उल्लास रविवार को छोटीकाशी के मंदिरों में भी छाएगा। इस मौके पर आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में राष्ट्रोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह नौ से ग्यारह बजे तक यहां देव भक्ति के साथ देशभक्ति के कार्यक्रम होंगे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में होने वाले आयोजन में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश प्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस मौके पर निशुल्क गायत्री महायज्ञ भी होगा। इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। राष्ट्रोत्सव शुभारंभ देशभक्ति गीतों और गुरु वंदना के साथ होगा। इसके बाद वेदमाता-देवमाता-विश्व माता गायत्री गोविंद देवजी और गुरू सत्ता का पूजन किया जाएगा। गायत्री महायज्ञ में देश की आजादी के आंदोलन में शहीद होने वाले क्रांतिकारियों और शहीदों का पुण्य स्मरण करते हुए विशेष आहुतियां अर्पित की जाएंगी। लोग शहीदों की शहादत को याद रखें इसके लिए देशभक्तों के जीवन चरित्र पर आधारित पुस्तकों की स्टॉल भी लगाई जाएगी। यहां लागत दर पर पुस्तकें उपलब्ध रहेगी।

### प्योर ईवी का एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च

**जयपुर।** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माताओं में से एक ''प्योर ईवी'' ने शनिवार को एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूज़र एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है। थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। यह फीचर इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शन में नए मानक स्थापित करता है। यह जानकारी प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने दी है।

### गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं दी

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों तथा राजस्थान पुलिस के समस्त अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। पुलिस महानिदेशक साहू ने कहा कि आज हम विकसित गणतंत्र के नागरिक होना हमारा सौभाग्य हैं। यह गणतंत्र हमें आजादी के आंदोलन में देश की आन-बान और शान के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अनगिनत अमर शहीदों के बलिदान से प्राप्त हुआ है। साहू ने कहा कि राजस्थान पुलिस की कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और सेवाभाव पर हम सभी को नाज़ है। देश की एकता और अखण्डता को मज़बूत बनाए रखने और राष्ट्र की प्रगति में सतत योगदान देना हम सबका प्राथमिक दायित्व है। संविधान की मूल भावना के अनुरुप आचरण और व्यवहार करते हुए देश में शांति और भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस महानिदेशक ने इस मौके पर पुलिस अधिकारियों और जवानों से अपील की है कि वे राज्य सरकार की मंशा के अनुरुप प्रदेश में जनसेवा और जनसुरक्षा के ध्येय को सर्वोपरि रखते हुए आने वाले समय में और अधिक सज़गता के साथ कर्त्तव्यों के सतत निर्वहन का संकल्प लें।

### लिफ्ट देकर युवक से लूटपाट

**जयपुर।** लिफ्ट देकर बाइक सवार बदमाश ने एक युवक से नगदी व मोबाइल लूट लिया। इस सम्बंध में पीडित ने दौलतपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मानपुरा निवासी श्रवण कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर जाने के लिए 12 नम्बर पुलिया पर खड़ा था इसी दौरान उसने एक बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। आरोपी ने उसे बैठा लिया और वह उसे खेरवाड़ी पुलिया के पास ले गया। वहां पर आरोपी ने डरा धमका कर उससे 3000 रुपए और मोबाइल ले लिए और वहां से चला गया। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नशीला पेय पदार्थ पिलाकर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशीला पेय पदार्थ पिलाकर सोने का ब्रासलेट चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित राहूल सैनी निवासी करधनी ने दर्ज कराया कि 12 जनवरी को उसका बडा भाई राकेश सैनी होटल पर था। इस दौरान जानकार व्यक्ति जयकुमार सैनी उर्फ सोनू उर्फ अजय होटल पर आया। उसके बाद कुछ देर तक वहां बैठ कर बात-चीत की। तभी जय कुमार सैनी ने कहा कि उसे आपसे कोई बात करने के लिये दूसरे कमरे में ले गया। वहा पर जय कुमार सैनी ने उसके भाई को कुछ पेय पिलाया या कोई बेहोशी की दवाई सुंगाई। उसके बाद उसका भाई बेहोश हो गया। अगले दिन होश आया तब उसने खुद को संभाला तो पता चला की आरोपी जय कुमार सैनी ने उसके भाई के हाथ में पहना हुआ सोने का ब्रासलेट व एक सोने की अंगुठी जिनकी कीमत करीब 6 लाख रूपये से अधिक है तथा करीब 25 हजार रूपये नहीं है।

इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज कंगालते हुए आरोपी को चिन्हित किया ओर और फिर आरोपी जय कुमार सैनी उ्फ सोनू उर्फ अजय को दस्तयाब कर उसके कब्जे से चुराया गया सोने का ब्रासलेट(सोने का 51.127 ग्राम) को बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

# नाम हस्तांतरण पत्र और लीज मुक्ति प्रमाण पत्र व्हाट्सएप पर ऑनलाइन जारी करेगा जे.डी.ए.


-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण अब नाम हस्तांतरण पत्र और लीज मुक्ति प्रमाण पत्र व्हाट्सएप पर ही ऑनलाइन जारी कर देगा। आमजन की सुविधा और ऑनलाइन सेवाओं में विस्तार करते हुए यह नवाचार अपनाया गया है। आवेदक के सेल्फ डिक्लेरेशन के आधार पर ही डॉक्यूमेंटस सत्यापित किए जाएंगे, इसके लिए उन्हें जे.डी.ए. में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह जानकारी जे.डी.ए. कमिश्नर आनंदी ने दी है।

- **जयपुर विकास प्राधिकरण ने नवाचार अपनाते हुए ऑनलाइन सेवाओं में वृद्धि की : आयुक्त आनंदी**
- **आवेदक के सेल्फ डिक्लेरेशन के आधार पर ही सत्यापित किए जाएंगे डॉक्यूमेंटस, इसके लिए उन्हें जे.डी.ए. में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी**

जे.डी.ए. आयुक्त आनंदी ने बताया कि नागरिकों की सुविधा और ऑनलाइन सेवाओं में विस्तार करते हुए यह सुविधा प्रारंभ की गई है। इससे जे.डी.ए. की कार्यशैली में भी पारदर्शिता आयेगी। जे.डी.ए. ने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से नाम हस्तांतरण पत्र और ओटीएलसी व्हाट्सएप पर भेजे जाने की सुविधा शुरू की गई। इस सुविधा के बाद लोगों को जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनके समय की बचत होगी। अब आवेदकों को नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी (लीज मुक्ति प्रमाण पत्र) डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ऑनलाइन जारी किए जा रहे है। आम जनता की सुविधा के लिए, जेडीए ने डिजिटल हस्ताक्षिरत नाम हस्तांतरण पत्र एवं ओटीएलसी को आवेदक के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने का प्रावधान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इन सुविधाओं के साथ-साथ जेडीए द्वारा साइट प्लान में सुधार, नाम में सुधार, क्षेत्रफल में सुधार, पते में सुधार सेवाएं भी ऑनलाइन प्रारंभ की गई है।जेडीए का यह प्रयास मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में लोगों को बेहतर सेवा प्रदान करना है।

# देशज ज्ञान व आधुनिकता के समन्वय से आदिवासी युवा राष्ट्र के विकास में योगदान दें : सांसद मंजू शर्मा



सांसद मंजू शर्मा

**जयपुर।** गृह मंत्रालय की और से माय भारत-नेहरू युवा केंद्र संगठन, जयपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 16 वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान का उदघाटन कार्यक्रम विवेकानंद विश्वविद्यालय में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने माँ सरस्वती, भगवान बिरसा मुंडा एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंजू शर्मा, सांसद जयपुर शहर ने आदिवासी युवाओं की समृद्ध संस्कृति और आधुनिक सोच को एक साथ लेकर चलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास में आदिवासी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत पोर्टल द्वारा मिलने वाले अवसरों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेहरू युवा केंद्र संगठन, पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ.भुवनेश जैन ने युवाओं को इस कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। जय जौहार के नारे के साथ आदिवासी संस्कृति से सभी को जोड़ा और युवाओं को जयपुर में घर जैसा अनुभव मिलने का आश्वासन दिया। एस एस जोशी, सेवानिवृत्त, राज्यनिदेशक नेहरु युवा केंद्र ने युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया एवं राष्ट्रनिर्माण की गतिविधियों में भाग लेने का आव्हान किया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित इंजिनियर ओंकार बगारिया ने युवाओं को शुभकामनाएं दीं। प्रोफेसर एन दी माथुर ने युवाओं को खेल, शिक्षा एवं नेतृतव कार्यों में समन्वय कर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम के आयोजक श्रीकृष्ण लाल, राज्य निदेशक ,नेहरू युवा केंद्र, राजस्थान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में, बांसवाड़ा से वाग्धारा के जयेश जोशी ने आदिवासी युवाओं को जल, जंगल, जमीन के महत्व, जनजातीय क्षेत्र में कृषि की स्थिति, संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। द्वितीय सत्र में, जिज्ञासा मीणा, प्रोफेसर, राजस्थान विश्विद्यालय ने युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत सांप्रदायिक संदर्भ में विभाजक बलों (क्षेत्रवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता) द्वारा उत्पन्न खतरे और चुनौतियों एवं इन्हें रोकने में युवाओं की भूमिका पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में ओडिशा के कंधमाल से आई सांस्कृतिक टीम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया।

- **जयपुर में जल, जंगल, जमीन पर केंद्रित 16वें आदिवासी आदान प्रदान कार्यक्रम का उद्घाटन, कंदमाल, ओड़िशा के युवक-युवतियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा शमां**

# सूने मकान व दुकान से नकदी और जेवर चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर।** शहर में चोरों ने मकान-दुकान और स्कूल को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पार कर ली।

पुलिस के अनुसार बैंक कॉलोनी निवासी शंकर लाल ने मुरलीपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसकी मुरलीपुरा स्कीम में दुकान है। चोर दुकान की प्रथम मंजिल पर लगे कांच के टफन को तोड़कर दुकान में घुसे और दुकान के गल्ले से 1.20 लाख और महंगी साड़ी एवं चुन्नियां ले गए। घटना का पता उसे अगले दिन दुकान पर पहुंचने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना 23 जनवरी की रात की है। मनु विहार विस्तार जामडोली निवासी महेश कुमार स्वर्णकार ने कानोता थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से सोने चांदी के जेवरात व नगदी ले गए। घटना 21 जनवरी की है। घटना का पता पीडिता को वापस लौटने पर लगा। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान से सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने के टॉप्स, चांदी का रानीहार, चांदी का हंसहार, चांदी की रखड़ी धनोती के साथ, चांदी की पायजेब, 20 चांदी की बिछिया, चांदी के सिक्के, सोने का नोजपिन और 30 हजार रुपए ले गए। दूसरी घटना में गणेश नगर निवासी नरेश वशिष्ठ ने मुहाना थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और चांदी का सिंघासन, चांदी के पांच बर्तन, सोने का पेंडल, दो जोड़ी चांदी के पायजेब, दो जोड़ी चांदी के बिच्छवे और 10 हजार रुपए ले गए।